रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 13 | अंक 32 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रू.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
इंदौर प्रति मंगलवार, 30 दिसम्बर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक


# नव उत्कर्ष के लिए कार्य से ही नहीं विचारों से भी अवकाश आवश्यक है

नव वर्ष के शुभ आगमन का आनंद संपूर्ण वातावरण में हवाओं में, फिज़ाओं में इस समय अनुभव किया जा सकता है अधिकांश लोग नव वर्ष पर अवकाश लेकर अपने परिवार व दोस्तों के साथ समय बिताना चाहते हैं जो कि हर्ष का विषय है। इस अवसर पर अनेकानेक भविष्य की योजनाएं बनाते हैं तथा गुज़रे वक्त का आंकलन करते हैं।

वास्तव में अवकाश क्या है क्या एक विशेष समय ही हमें आनंद प्रदान कर सकता है या अवकाश प्रदान कर सकता है ? और क्या अवकाश सिर्फ काम से होना चाहिए विचारों से नहीं ?परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी जी के अनुसार, चित्त जब आत्मा पर होता है तो आप गुणातीत, धर्मातीत तथा कालातीत हो जाते हैं। कालातीत अर्थात समय का आप पर कोई प्रभाव नहीं होता। कलियुग में कई समस्याओं में से एक है समय का अभाव वर्तमान समय में व्यक्ति अपने आने वाले दिन, सप्ताह तथा कई बार महीने भर की प्लानिंग पूर्व में ही कर लेते हैं। इसके पश्चात भी उनके पास अवकाश जैसी कोई व्यवस्था नहीं होती। अवकाश का अर्थ आराम नहीं होता, वरन् सही मायने में अवकाश



का अर्थ होता है, स्वयं को स्वयं से जोड़ना इसके लिए आपका माध्यम कला, प्रकृति अथवा ध्यान हो सकते हैं और यह आप तभी प्राप्त कर पाते हैं, जब आप वर्तमान में स्थापित होते हैं। हम सदैव भूतकाल अथवा भविष्य काल से जुड़ जाते हैं फलस्वरूप ढेरों योजनाएं बनाने के बाद भी हमारा कार्य हमें संतुष्टि नहीं दे पाता। वर्तमान में भविष्य की चिंताओं में व्यस्त होते हैं और जब भविष्य वर्तमान हो जाता है तब भूतकाल के लिए अफ़सोस करते हैं। परंतु अपने चित्त को वर्तमान में रखना अत्यंत कठिन कार्य होता है। श्री माताजी की कृपा से सहजयोग में यह कार्य अत्यंत ही सहज हो जाता है। सहजयोग के विभिन्न आयामों में से एक है- निर्विचारिता। निर्विचारिता रूपी औजार से हम अपने व चित्त को पकड़े रख पाते हैं तथा वर्तमान में स्थित हो पाते हैं। ऐसे में हमारे भीतर की सृजनात्मक शक्ति जो स्वयं आदिशक्ति श्रीमाताजी हैं, जागृत हो जाती है तथा प्रत्येक कार्य बिना किसी योजना के चमत्कारिक रूप से स्वयं ही पूर्ण होने लगते हैं। इस अवस्था में हम कार्यरत होते हुए भी अवकाश में, आनंद में तथा परमात्मा के सानिध्य में होते हैं।

# सिल्वर पार्क ग्राम पंचायत में बिल्डर की मनमानी उजागर



**सह संपादक दीपक वाड़ेकर**

**जलभराव ने बनाया लोगों का जीवन दूभर, बिजली ट्रांसफार्मर बना बड़े हादसे का खतरा**

सिल्वर पार्क बालयाखेड़ा। ग्राम पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सिल्वर पार्क कॉलोनी फेस 3 में हालात लगातार बद से बदतर होते जा रहे हैं। बिल्डर की लापरवाही और प्रशासन की उदासीनता के चलते पूरी कॉलोनी जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रही है।

हाल यह है कि बारिश का पानी निकलने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पूरी कॉलोनी तालाब में तब्दील हो चुकी है और लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति कॉलोनी में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर के आसपास बनी हुई है। ट्रांसफार्मर के पास भारी मात्रा में पानी जमा है, जिससे कभी भी करंट फैलने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण दे रही है, लेकिन इसके बावजूद न तो बिल्डर और न ही पंचायत प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहा है।

## निवासियों का आरोप

प्लॉट बेचते समय बिल्डर ने पक्की सड़कों, नालियों और बेहतर ड्रेनेज सिस्टम का वादा किया था। लोगों ने इन्हीं भरोसों पर अपनी जमा पूंजी



लगाकर यहां प्लॉट खरीदे और मकान बनाए। लेकिन आज स्थिति यह है कि कॉलोनी में न तो ढंग की सड़कें हैं और न ही पानी निकासी की कोई व्यवस्था। जगह-जगह गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों को मजबूरी में उसी पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है।

## जलभराव के कारण कॉलोनी में बदबू फैल रही है

रुके हुए पानी में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इसका सीधा असर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की सेहत पर पड़ रहा है। लोगों को डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का डर सताने लगा है। कई परिवारों ने बताया कि आए दिन बच्चे बीमार हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार पंचायत प्रशासन और बिल्डर से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई और सड़कों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे जनपद पंचायत और जिला पंचायत का घेराव करने के लिए मजबूर होंगे। कॉलोनीवासी अब आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं और जिम्मेदारों से तत्काल समाधान की मांग कर रहे हैं।

# इंदौर में वन विज्ञान केंद्र का शुभारंभ

**प्रदीप मिश्रा, आईएफएस**
**वनमंडलाधिकारी,**

इंदौर वानिकी विज्ञान को किसानों और बाजार से जोड़ने की पहल लोगों तक वानिकी विज्ञान पहुँचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम इंदौर में वन विज्ञान केंद्र (VVK) का उद्घाटन भारत की वानिकी विस्तार प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस केंद्र का उद्देश्य वैज्ञानिक शोध को सीधे किसानों और बाजार से जोड़ना है, ताकि आजीविका, संरक्षण और जलवायु अनुकूलन को एक साथ बढ़ावा दिया जा सके। यह केंद्र सोशल फॉरेस्ट्री कार्यालय, मालवा डेमो नर्सरी परिसर, इंदौर में स्थापित किया गया है। इसे (ICFRE) के मार्गदर्शन में तथा , जबलपुर के तकनीकी सहयोग से, इंदौर वन मंडल के सहयोग से स्थापित किया गया है।

भारत के बढ़ते वन विज्ञान केंद्र नेटवर्क में इंदौर की भागीदारी वर्ष 2010 से अब तक ICFRE द्वारा देशभर में 42 वन विज्ञान केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं, ताकि वानिकी अनुसंधान किसानों, वन आश्रित समुदायों और स्व-सहायता समूहों तक व्यावहारिक रूप में पहुँच सके। इंदौर का यह केंद्र मध्य प्रदेश का सातवाँ वन विज्ञान केंद्र है, जिसे मालवा क्षेत्र के लिए विशेष रूप से विकसित किया गया है, जहाँ कृषि और वन आधारित आजीविका का गहरा संबंध है। नर्सरी से खेत तकः बड़गोंदा नर्सरी बनेगी किसानों के लिए प्रदर्शन केंद्र इस पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बड़गोंदा नर्सरी, महू (इंदौर) में एक फील्ड डेमोंस्ट्रेशन एवं सप्लाई सेंटर की स्थापना है। यहाँ से किसानों को उच्च उत्पादन देने वाले, तेजी से बढ़ने वाले पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे, जो स्थानीय कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल और बाजार की मांग के अनुसार होंगे। किसानों को खेत में विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन देखने का अवसर मिलेगा, जिससे वे बेहतर निर्णय ले सकें और जोखिम कम हो। बेहतर खेत और वन परिणामों के लिए आधुनिक वानिकी तकनीकें वन विज्ञान केंद्र के माध्यम से जल-संरक्षण आधारित वानिकी, एग्रोफॉरेस्ट्री, चारकोल उत्पादन, मशरूम उत्पादन, औषधीय पौधों का सतत दोहन, तथा गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री एवं क्लोन पौधों का उत्पादन जैसी तकनीकों को बढ़ावा दिया जाएगा।

विशेष रूप से लाख और बाँस के मूल्य संवर्धन पर जोर दिया जाएगा, ताकि किसान और स्व-सहायता समूह कच्चे माल के बजाय प्रसंस्कृत उत्पाद बेचकर अधिक आय अर्जित कर सकें। किसानों और बाजार के बीच की दूरी को पाटने की पहल यह स्वीकार करते हुए कि केवल उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं है, वन विभाग द्वारा किसानों और बाजार को जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। निजी क्षेत्र और संस्थागत खरीदारों के साथ संरचित संवाद के माध्यम से उत्पादन और बाजार के बीच की दूरी कम की जाएगी, जिससे वन आधारित आजीविका अधिक स्थिर और लाभकारी बन सके।

## आय बढ़े, वन भी सुरक्षित रहें

केंद्र द्वारा लघु वनोपज जैसे अर्जुन की छाल, तेंदू पत्ता, चार चिरौंजी, पलाश, सतावर, सफेद मुसली तथा अन्य औषधीय पौधों के सतत संग्रह और खेती को प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे आय में वृद्धि के साथ-साथ वन संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

## इंदौर उद्घाटन कार्यक्रम में कौन-कौन होंगे शामिल

उद्घाटन कार्यक्रम 30 तारीख को सोशल फॉरेस्ट्री कार्यालय, मालवा डेमो नर्सरी परिसर, इंदौर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर ICFRE और TFRI जबलपुर के वरिष्ठ अधिकारी, मध्य प्रदेश वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, सेवानिवृत्त वन अधिकारी, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापक, पर्यावरणविद्, गैर-सरकारी संगठन, विभिन्न विभागों के अधिकारी, किसान, निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ तथा उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## एक ऐसा मॉडल जिसे पूरे देश में दोहराया जा सकता है

विज्ञान आधारित और बाजार से जुड़ा वानिकी मॉडल अपनाकर, वन विज्ञान केंद्र, इंदौर यह दर्शाता है कि किस प्रकार अनुसंधान संस्थान और फील्ड एजेंसियाँ मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर लागू होने वाले, टिकाऊ और प्रभावी समाधान विकसित कर सकती हैं।

# वृत्त आंतरिक क्षेत्र क्र 2

## आबकारी इंदौर की कार्यवाही



**आदित्य शर्मा**

कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्री शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी जी ,डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल जी के नेतृत्व में आज दिनांक 27/12/2025 को वृत्त आंतरिक 2 प्रभारी जया मुजाल्दे ने अपनी टीम के साथ सिंहासा क्षेत्र में प्रातःगश्त के दौरान जवाहर टेकरी से कुख्यात ब्लेकर आनंद चौहान के घर अचानक दबिश दी ।मौके पर आनंद के घर से 4 पेटी (204 पाव )देसी मदिरा मसाला जब्त कर कब्जे आबकारी लिया गया ।आरोपी आनंद आबकारी अमले को देखकर मौके से फरार हो गया ।आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।इसके अलावा राजेंद्र नगर रेलवे पटरी से 32 पाव देसी मदिरा के एवं अर्जुनपुरा से 23 पाव देसी मदिरा के अज्ञात बरामद हुए ।जब्त मदिरा की कुल कीमत लगभग 25900 रुपए निकाली गई है। कार्यवाही में वृत्त प्रभारी जया मुजाल्दे,आबकारी आरक्षक उस्मान मिर्जा ,कोमल कनेल और ड्राइवर रफीक चाचा का सराहनीय योगदान रहा ।



# आबकारी इन्दौर की कार्यवाही




**आदित्य शर्मा**

कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर, श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत महू अ के श्री गणपत सिंह धुध के नेतृत्व में आज दिनांक 27.12.2025 को आबकारी उप निरीक्षक कृतिका द्विवेदी की टीम के द्वारा वृत्त क्षेत्र में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन नंबर mp 09 uz 1333 एक्सेस स्कूटी * से अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही 12 बोतल विदेशी मदिरा व्हिस्की। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी शशिकांत तिवारी के विरुद्ध *आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग 88500/- रुपए है। आज की कार्यवाही में आबकारी आरक्षक श्री विवेक कनाडे श्री कमलेश निहोरे , श्रीमती रीना भिड़े का सराहनीय योगदान रहा ।

# पूर्व PM मनमोहन सिंह की पहली पुण्यतिथि, कांग्रेस ने ऐसे किया याद

कांग्रेस ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को उनकी पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी. इनका निधन 26 दिसंबर, 2024 को दिल्ली में हुआ था वो 92 साल की उम्र में स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे. उनका अंतिम संस्कार 28 दिसंबर को दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित निगमबोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया था कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक पोस्ट में कहा कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व ने भारत की अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र को मजबूती मिली थी कांग्रेस ने कहा कि उनकी पुण्यतिथि पर हम ईमानदारी, विनम्रता और दूरदर्शिता वाले एक राजनेता को याद करते हैं. कांग्रेस



ने कहा कि आज उन प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि जिन्होंने निस्वार्थ भाव से और दृढ़ संकल्प के साथ राष्ट्र की सेवा की. कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी मनमोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। डीके शिवकुमार ने कहा कि मनमोहन सिंह ने 2005 के सूचना का अधिकार अधिनियम के ज़रिए पारदर्शिता को बढ़ावा दिया.उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के ज़रिए काम की गरिमा को बनाए रखा. इसे अब विकसित भारत गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) अधिनियम में बदल दिया गया है. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. शिवकुमार ने कहा कि भारत को आर्थिक संकट से बाहर निकालने से लेकर एक दशक तक प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व करने तक, उनका प्रभाव गहरा था. डीके शिवकुमार ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने RTI अधिनियम के ज़रिए पारदर्शिता को बढ़ावा दिया और मनरेगा के ज़रिए काम की गरिमा को बनाए रखा।

## ट्रंप ने एपस्टीन मामले पर किया लंबा चौड़ा पोस्ट, पूरे विवाद को बताया वामपंथी साजिश

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्रिसमस के दिन सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में फिर से बदनाम यौन तस्कर जेफ्री एपस्टीन विवाद पर अपनी बात रखी। ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा, जेफ्री एपस्टीन से जब सभी लोग अपने संबंध तोड़ रहे थे, उससे बहुत पहले ही उन्होंने, एपस्टीन से नाता तोड़ लिया था। एक लंबी चौड़ी पोस्ट में ट्रंप ने राजनीतिक विरोधियों और मीडिया संस्थानों पर भी उन्हें बदनाम



करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। ट्रंप का दावा- उन्हें बदनाम करने के लिए एपस्टीन मामले को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहाट्रंप ने लिखा, 'जेफ्री एपस्टीन से प्यार करने वाले कई घिनौने लोगों समेत सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं।' ट्रंप ने दावा किया कि एपस्टीन मामले को एक हथियार के रूप में उनके खिलाफ इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने इसे एक कट्टर वामपंथी साजिश करार दिया। ट्रंप ने कहा कि एपस्टीन मामले में अधिकतर डेमोक्रेट्स नेताओं के नामों का खुलासा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि एपस्टीन से जुड़े लोगों ने खुद को जांच तेज होने पर खुद को उससे अलग कर लिया था और वे अकेले ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने ये चलन बनने से बहुत पहले ही एपस्टीन से नाता तोड़ लिया था। ट्रंप बोले- बेकसूर लोगों को बदनाम किया जा रहाट्रंप ने कुछ मीडिया संस्थानों पर आरोप लगाया और कहा कि रूस जांच से संबंधित खबरों को लेकर कुछ अखबारों की झूठी रिपोर्टिंग के लिए उन्हें माफी मांगने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने तर्क दिया कि एपस्टीन मामले में मौजूदा रिपोर्टिंग के पीछे भी यही मकसद है। ट्रंप पहले भी कह चुके हैं कि एपस्टीन मामले में कई बेकसूर लोगों को बदनाम किया जा रहा है और उनका कसूर सिर्फ इतना था कि वे एपस्टीन की पार्टियों में शामिल हुए थे। गौरतलब है कि हाल ही में अमेरिकी न्याय विभाग ने एपस्टीन से जुड़े मामले में कई फाइल्स जारी की हैं, जिनमें कई बड़ी हस्तियों की तस्वीरें और नाम हैं। यह मामला अमेरिका में बड़ा मुद्दा बना हुआ है।

## वीर बाल दिवस बहादुर साहिबजादों के बलिदान को याद करने का दिन है: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को कहा कि 'वीर बाल दिवस' श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों के बलिदान को स्मरण करने का दिन है। प्रधानमंत्री ने श्री गुरु गोबिंद सिंह की जयंती के अवसर पर नौ जनवरी 2022 को घोषणा की थी कि उनके पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की याद में 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाएगा, जिनका अद्वितीय बलिदान आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''वीर बाल दिवस श्रद्धा का दिन है, जो वीर साहिबज़ादों के बलिदान को स्मरण करने के लिए समर्पित है।हम माता गुजरी जी की अडिग आस्था और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की अमर शिक्षाओं को याद करते हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिन साहस, दृढ़ संकल्प और धर्मनिष्ठा से जुड़ा हुआ है और साहिबजादों का जीवन तथा उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री यहां एक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे।वीर बाल दिवस के अवसर पर भारत सरकार देशभर में सहभागितापूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है, जिनका उद्देश्य नागरिकों को साहिबजादों के असाधारण साहस और सर्वोच्च बलिदान से रूबरू कराना तथा भारत के इतिहास के इन युवा नायकों के अदम्य साहस, त्याग और वीरता का सम्मान करना तथा उन्हें स्मरण करना है।

## कनाडा में भारतीय की हत्या, टोरंटो में 20 वर्षीय शिवांक गोलीबारी का शिकार, दूतावास ने जताया दुख

कनाडा के टोरंटो में हुई गोलीबारी में एक भारतीय छात्र शिवांक अवस्थी की मौत हो गई। टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने गुरुवार को टोरंटो विश्वविद्यालय के स्कारबोरो परिसर के पास हुई गोलीबारी में 20 वर्षीय भारतीय डॉक्टरेट छात्र शिवांक अवस्थी की हत्या पर दुख जताया। दूतावास की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'टोरंटो विश्वविद्यालय के स्कारबोरो परिसर के पास हुई एक घातक गोलीबारी की घटना में युवा भारतीय डॉक्टरेट छात्र शिवांक अवस्थी की दुखद मृत्यु पर हम गहरा शोक व्यक्त करते हैं।' भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक बयान में कहा, 'इस मुश्किल वक्त में दूतावास शोक संतप्त परिवार के संपर्क में है और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय में सभी जरूरी सहायता दे रहा है। गोली मारकर फरार हुए संदिग्ध हमलावरपुलिस ने बताया कि अवस्थी को 23 दिसंबर को हाईलैंड क्रीक ट्रेल और ओल्ड किंग्स्टन रोड इलाके में गोली मारी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोली लगने से घायल हुए भारतीय छात्र को जमीन पर पड़ा हुआ पाया। शिवांक को वहीं पर ही मृत घोषित कर दिया गया। जांचकर्ताओं ने बताया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही संदिग्ध फरार हो गए थे। पुलिस की ओर से इलाके की तलाशी के दौरान परिसर को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया था। इस हत्या के साथ टोरंटो में इस साल की 41वीं हत्या दर्ज की गई है। इस हत्या ने टोरंटो स्कारबोरो विश्वविद्यालय के छात्रों में डर और गुस्सा भर दिया है। कैंपस में दिनदहाड़े मारी गई शिवांक को गोलीरेडिट पर एक पोस्ट में एक छात्र ने बताया कि शिवांक अवस्थी को कैंपस वैली के अंदर दिनदहाड़े गोली मार दी गई। यह इलाका छात्रों द्वारा खूब इस्तेमाल किया जाता है और विश्वविद्यालय की ओर से अक्सर इसका जिक्र किया जाता है। शिवांक अवस्थी की पहचान जीवन विज्ञान के तीसरे वर्ष के छात्र के रूप में हुई थी। हाल ही में एक और भारतीय नागरिक की टोरंटो में हत्या कर दी गई थी। 30 वर्षीय भारतीय मूल की महिला हिमांशी खुराना की हत्या के सिलसिले में पुलिस टोरंटो निवासी अब्दुल गफूरी की तलाश कर रही है।सीबीसी न्यूज़ के अनुसार पुलिस ने कहा कि यह मामला घरेलू हिंसा से जुड़ा नजर आता है। टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने X पर एक पोस्ट में कहा कि वह हिमांशी खुराना के परिवार की सहायता कर रहा है।

# वर्ष 2025 में रणजीत टाइम्स द्वारा किया गया सम्मान


























# वर्ष 2025 में रणजीत टाइम्स द्वारा किया गया सम्मान





संझा लोकस्वामी के संस्थापक मालिक
समूह प्रधान संपादक (जितेंद्र जी सोनी)



चेयरमैन हिंदुस्तान मेल ग्रुप
(महेंद्र जी दुबे)



एडिटर इन चीफ एमपी न्यूज़
(महेंद्र सिंह जी सोनगरा)





















# क्षत्रिय नायक युवा संगठन मध्यप्रदेश का जन आक्रोश

**सह संपादक दीपक वाड़ेकर**

दिल्ली में समाज के ही कुछ व्यक्तियों द्वारा क्षत्रिय नायक समाज को पिछड़ावर्ग से हटा कर ST आरक्षण दिलाने के नाम पर जंतर-मंतर का उल्लेख करते हुए धरना-प्रदर्शन किए जाने से सम्पूर्ण क्षत्रिय नायक समाज में भारी रोष व्याप्त है। क्षत्रिय नायक समाज किसी भी प्रकार का आरक्षण नहीं चाहता।

हमारा स्पष्ट मत है कि काबिलियत, परिश्रम और आत्मसम्मान के बल पर समाज का युवा हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकता है। हमारे पूर्वजों ने रणभूमि में युद्ध लड़कर इतिहास रचा है, वीरता, बलिदान और स्वाभिमान हमारी पहचान रहे हैं उस गौरवशाली इतिहास को हम किसी भी परिस्थिति में




नहीं भूल सकते और न ही उसे कमजोर पड़ने देंगे। अतः समाज के नाम पर बिना समाज की सहमति के इस प्रकार के कृत्य पूर्णतः अस्वीकार्य हैं। भविष्य में यदि किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा ऐसा प्रयास किया गया, तो क्षत्रिय नायक युवा संगठन कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा।

सभी समाज जन मोजुद रहे सुभाष राठोड़, प्रदेश अध्यक्ष महेश जी सोंडिया,ट्रस्ट अध्यक्ष बंसी जी भाटी, रामचंद्र पंवार,सुशील भाटी प्रदेश सचिव जितेन्द्र जी पंवार, ईंदोर जिला अध्यक्ष रोहन नायक इंदौर नगर अध्यक्ष संतोष जी, पप्पू जी प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर जी पंवार राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी विनोद जी, उज्जैन जिला अध्यक्ष बबलु जी नायक उपाध्यक्ष,राधेश्याम जी मिडिया प्रभारी समस्त समाज जन समाज की अस्मिता, सम्मान और गौरव की रक्षा के लिए युवा संगठन सदैव तत्पर रहेगा।

# सकारात्मकता व प्रसन्नता का गुणांक कई गुना बढ़ा देता है सहज ध्यान

सहजयोग ध्यान करने की एक अर्वाचीन पद्धति है। जो आज के तनावग्रस्त जीवन में बहुत कारागर साबित हो रही है। आपको ऐसा लगेगा की योगा, ध्यान आदि बुढापे में करने की चीजें हैं परंतु ऐसा नहीं है, आज बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी तनाव में रहते हैं, कुछ न कुछ समस्याओं से घिरे रहते हैं। ऐसा नहीं है कि सहजयोग सीखने के बाद और इस ध्यान मे पारंगत होने के बाद आपके



जीवन में समस्यायें नहीं आयेंगी। समर्थ रामदास महाराज कहते हैं ('मना त्वाचिरे पूर्वसंचित केले तयासारखे भोगणे प्राप्त झाले' ) जो कुछ भी शारिरिक या मानसिक भोग हैं वो आपके जीवन में रहेंगे परंतु आप अंदर से इतने शक्तिशाली बन जायेंगे कि उन सभी समास्याओं से प्रभावित न होते हुए आप आसानी से उनसे छूटकर आनंददायी जीवन व्यतीत करने लगेंगें। आपके जीवन में सकारात्मकता व प्रसन्नता का गुणांक कई गुना बढ़ जाएगा। सहजयोग ध्यान अत्यंत सहज है। प.पूज्य श्री माताजी कहते हैं कि जो साधक अपने आत्म साक्षात्कार को सच्चे हृदय से चाहेगा उसे तत्क्षण ये प्राप्त हो जाएगा।और इसे प्राप्त करने बाद धीरे-धीरे साधक इस ध्यान की सूक्ष्मताओं को समझकर अपना जीवन सकारात्मक तरीके से बदलने के लिये सदैव प्रयासरत रहता है कंठोपनिषद में वर्णित है कि यह मनुष्यरूपी शरीर ग्यारह द्वारोंवाला है और ये शरीर ही उस आत्म रूपी परमेश्वर की नगरी है। वह आनंदस्वरूप परमात्मा सर्वत्र समभाव से सदा परिपूर्ण रहते हुए भी अपनी राजधानी रूपी इस मनुष्य शरीर के हृदयप्रासाद में राजा की भांति विशेष रूप से विराजित रहते हैं। इस रहस्य को समझकर जो मनुष्य इसी जन्म में इस आत्मसाक्षात्कार को पाना चाहते हैं और जो साधक इस शाश्वत सत्य को जानता है वह शोक के कारण रूप संसार बन्धन से छूटकर जन्ममृत्यु के चक्र से सदा के लिये छूट जाता है। यही ब्रम्हसाक्षात्कार है। वर्तमान में मे इसे पाना सहज हो गया है, बस आपको अपने आत्मसाक्षात्कार की शुद्ध इच्छा कर हर दिन सुबह-शाम १० मिनट इस ध्यान में स्थित होना होता है और आपकी एकाकारिता परमात्मा से होने लगती है और जीवन में सभी प्रकार के समाधान प्राप्त हो जाते हैं। सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा

## यूनुस ख़ान का पुतला दहन



बापट चौराहा पर माँ करणी सेना द्वारा बंगला देश और यूनुस ख़ान का पुतला दहन किया गया पुतला दहन का आयोजन गौरव सिंह राजवत संभागीय अध्यक्ष और बाला ठाकुर जिला अध्यक्ष माँ करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर धर्मेन्द्र सिंह गौतम के सानिध्य में किया गया इस अवसर पर ईश्वर सिंह राठौड़ राजकुमार भदौरिया शिशुपाल सिंह केदार सिंह गगन सिंह नितेश सिंह विवेक सिंह चौहान अंकुश सिंह चौहान जिला कार्यकारी अध्यक्ष सतीश चौहान मोहित राजावत आर्यन श्रीवास्तव, अभी भदोरिया, मयंक सिंह।

# अवैध, उत्खनन एवं परिवहन पर हुई कार्यवाही

**प्रदीप सिंह बघेल**

**कलेक्टर डॉ.केदार सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार श्री शनि द्विवेदी द्वारा व्यौहारी में बिना टीपी के रेत के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 4 हाइवा एवं 1 डम्पर जप्त किया गया एवं गिट्टी का अवैध परिवहन करने पर 2 हाइबा,बोल्डर का ट्रेक्टर तथा डस्ट का परिवहन करते हुए 26 दिसम्बर 2025 को वाहन जप्त कर नियमानुसार कार्यवाही की गई। जिन वाहनों को जप्त किया गया है उनमें MP 18 GA 4065, MP18H5145, WB39B9283, Hyba MP18 H 4918, MP17ZB9865, UP93AT9435,MP 17 HH4020, Mp18H4918 वाहन नंबर शामिल है।**

# नि:शुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन आज

इंदौर, पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा प्रांतीय राजपत्रित पशु चिकित्सक संघ द्वारा नि:शुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संघ के डॉ. अमृतलाल शर्मा ने बताया कि यह शिविर 27 दिसम्बर शनिवार को पशु चिकित्सालय, राजमोहल्ला पर प्रातः 9 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित किया जायेगा। नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस शिविर का लाभ उठायें।

# नगरीय ज़ोन-01 में इंदौर पुलिस का बड़ा ऑपरेशन, तेजाजी नगर थाना पुलिस ने बाग टांडा की कुख्यात हथियारबंद नकबजन गैंग को किया नेस्तनाबूद

आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स
**सह. संपादक**

इंदौर शहर में लगातार हो रही चोरी और नकबजनी की वारदातों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना तेजाजी नगर पुलिस ने एक बड़ी और साहसिक सफलता हासिल की है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय बाग टांडा की शातिर और हथियारबंद नकबजन गैंग का पर्दाफाश करते हुए तीन कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के कब्जे से करीब 68 लाख 50 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात, एक देशी कट्टा और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई न केवल पुलिस की सतर्कता और रणनीतिक क्षमता को दर्शाती है, बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत करती है।

पिछले तीन महीनों से तेजाजी नगर क्षेत्र सहित इंदौर के विभिन्न इलाकों में नकबजनी की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही थी। इस पर गंभीरता दिखाते हुए पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह ने ठोस कार्ययोजना बनाकर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह और पुलिस उपायुक्त जोन-01 श्री कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। प्रभारी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-01 श्री दिशेष अग्रवाल और सहायक पुलिस आयुक्त आजाद नगर श्री रविंद्र बिलवाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तेजाजी नगर निरीक्षक देवेंद्र मरकाम के नेतृत्व में एक अनुभवी टीम को इस ऑपरेशन की जिम्मेदारी सौंपी गई। तकनीकी निगरानी और मुखबिर तंत्र के जरिए पुलिस को सूचना मिली कि बाग टांडा गैंग के सदस्य अलीराजपुर और धार जिले की दुर्गम पहाड़ियों के बीच छिपे हुए हैं। दुर्गम और जोखिम भरे रास्तों के कारण पुलिस वाहनों का पहुंचना संभव नहीं था, ऐसे में पुलिस टीम ने आधी रात को कई किलोमीटर पैदल ट्रैकिंग करते हुए पहाड़ियों के बीच घेराबंदी की। कड़ी मशक्कत और सतर्क रणनीति के बाद पुलिस ने तीनों शातिर बदमाशों को उनके सुरक्षित ठिकानों से दबोच लिया। यह पूरी कार्रवाई साहस, धैर्य और पुलिसिया सूझबूझ का उत्कृष्ट उदाहरण रही।



इस कार्रवाई में पुलिस के हाथ एक कुख्यात अपराधी आकेश उर्फ आकाश भी लगा, जो लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी आकाश पर लूट, डकैती और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं। वर्ष 2022 में उसने थाना बडगोंदा क्षेत्र में गश्ती पुलिस टीम पर हमला कर उनकी सरकारी राइफल लूट ली थी, जिसके बाद से वह फरार था। गिरोह का दूसरा सदस्य शेरू पिता हीरू वसुनिया पहले भी तेजाजी नगर थाना क्षेत्र से जेल जा चुका है, जबकि तीसरा आरोपी पंकेश पिता भांगु मंडलोई भी नकबजनी की वारदातों में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे दिन के समय सूने मकानों की रेकी करते थे और रात के अंधेरे में पेचकस, कटर और अन्य औजारों की मदद से कुछ ही मिनटों में ताले तोड़कर घरों में घुस जाते थे। चोरी के दौरान वे हथियार साथ रखते थे ताकि किसी भी स्थिति में पुलिस या लोगों का सामना कर सकें। यही कारण है कि यह गिरोह बेहद खतरनाक माना जा रहा था।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 450 ग्राम सोने के जेवरात, 2 किलो 50 ग्राम चांदी के जेवरात बरामद किए हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 68 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही एक देशी कट्टा और आठ जिंदा कारतूस भी जब्त किए गए हैं।

पुलिस अब इन आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर गहन पूछताछ कर रही है और संभावना है कि कई और चोरी की घटनाओं का खुलासा हो सकता है। इस पूरी चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरी कार्रवाई में थाना प्रभारी तेजाजी नगर निरीक्षक देवेंद्र मरकाम, उप निरीक्षक प्रदीप राठौर, प्रधान आरक्षक देवेंद्र परिहार, आरक्षक दीपेंद्र राणा, प्रदीप रावत, महिला आरक्षक रानी सेंधव, साइबर शाखा से आरक्षक प्रशांत मंडलोई, अमित खत्री और गोवर्धन बघेल की भूमिका अत्यंत सराहनीय और प्रशंसनीय रही। इंदौर पुलिस की यह कार्रवाई अपराधियों के लिए कड़ा संदेश है कि कानून से बच पाना अब आसान नहीं है।

# नव वर्ष से पहले इंदौर में नशा तस्करों पर करारा प्रहार, क्राइम ब्रांच ने एमडी और ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**इंदौर शहर में नव वर्ष के मद्देनज़र अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच इंदौर को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 21.15 ग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद किए हैं, जिसमें 11 ग्राम एमडी और 10.15 ग्राम ब्राउन शुगर शामिल है।**

जप्त किए गए मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग दो लाख बीस हजार रुपये बताई जा रही है, जबकि मोबाइल फोन सहित कुल जप्त मशरूका की कीमत करीब दो लाख नब्बे हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर के निर्देश पर क्राइम ब्रांच द्वारा लगातार गोपनीय सूचना संकलन कर शहर के विभिन्न इलाकों में सघन निगरानी और पतारसी की जा रही थी। इसी अभियान के तहत क्राइम ब्रांच टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर कार्रवाई की। पहली कार्रवाई जवाहर मार्ग चौकी के पास नाले के किनारे की गई, जहां पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को रोका। पुलिस को देखते ही युवक घबरा गया, जिससे संदेह और गहराया। घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया और विधिवत तलाशी लेने पर उसके पास से 11 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी तथा एक रेडमी 5जी मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी की पहचान फ़राज खान निवासी साउथतोड़ा, सेंट्रल कोतवाली इंदौर के रूप में हुई। इस मामले में प्रकरण क्रमांक 224/2025 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जप्त माल की कुल कीमत लगभग एक लाख पचास हजार रुपये आंकी गई है।

दूसरी कार्रवाई एम.आर. 04 रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास की गई। यहां भी एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन सतर्क क्राइम ब्रांच टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 10.15 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी की पहचान दानिश शेख निवासी आजाद नगर इंदौर के रूप में हुई। इस मामले में प्रकरण क्रमांक 223/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। जप्त माल की कुल कीमत लगभग एक लाख चालीस हजार रुपये बताई गई है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने यह स्वीकार किया कि वे अवैध लाभ कमाने की नीयत से नव वर्ष के अवसर पर सस्ते दामों में मादक पदार्थ खरीदते थे और इंदौर शहर में नशे के आदी लोगों को अधिक कीमत पर बेचते थे। पुलिस का मानना है कि नव वर्ष के जश्न को देखते हुए इन आरोपियों की सक्रियता बढ़ गई थी और समय रहते की गई कार्रवाई से बड़ी संख्या में युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाया गया है।


## जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888


# नया साल 2026: नई उम्मीदों, नए संकल्पों और सकारात्मक बदलाव का संदेश

**राजेश धाकड़**

इंदौर।नववर्ष 2026 का आगमन हर व्यक्ति के जीवन में नई ऊर्जा, नई उम्मीदें और नए अवसर लेकर आया है। यह वर्ष न केवल व्यक्तिगत प्रगति का संकेत देता है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक स्तर पर भी सकारात्मक बदलाव की संभावनाओं से भरा हुआ है। बीते वर्षों के अनुभवों से सीख लेते हुए 2026 हमें अपने लक्ष्यों को नई दिशा देने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करता है।

## तकनीकी और सामाजिक बदलाव

2026 में तकनीकी विकास और डिजिटल क्रांति का प्रभाव समाज के हर वर्ग तक दिखाई देगा। इंटरनेट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीकों ने जीवन को पहले से अधिक सरल, तेज और आपस में जुड़ा हुआ बना दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और संचार के क्षेत्र में यह बदलाव आम नागरिक के लिए नए अवसर खोल रहे हैं।

## आर्थिक उन्नति और करियर में प्रगति

नववर्ष 2026 कई लोगों के लिए आर्थिक स्थिरता और करियर में उन्नति लेकर आ रहा है।




रोजगार, व्यवसाय और निवेश के नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। युवाओं के लिए यह वर्ष कौशल विकास, स्टार्टअप और स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर बन सकता है।

## आध्यात्मिक उन्नति और नवसंवत 2026

नवसंवत 2026 को परिवर्तन, संघर्ष और आध्यात्मिक जागरण का वर्ष माना जा रहा है। इस वर्ष आत्मचिंतन, सकारात्मक सोच और जीवन मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता पहले से अधिक महसूस होगी। धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिकता से जुड़कर लोग मानसिक शांति और संतुलन की ओर अग्रसर होंगे।

## महिला सशक्तिकरण की नई राह

नया साल 2026 महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण

का मजबूत संदेश लेकर आया है। शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता और नेतृत्व के क्षेत्र में महिलाएं नई पहचान बना रही हैं। यह वर्ष महिलाओं को अपने अधिकारों को समझने और समाज में सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा।

## नववर्ष 2026 के संकल्प

नए साल को सार्थक बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कुछ महत्वपूर्ण संकल्प लेने चाहिए: अपने जीवन के लक्ष्यों को स्पष्ट करें और उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें।,अपनी क्षमताओं को पहचानें और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें।,आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएँ।,अपने शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक शांति का भी विशेष ध्यान रखें।,सकारात्मक सोच और अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाएं।




युवाशक्ति है सुधारों का इंजन

# देश बनेगा महाशक्ति, पीएम मोदी ने दिया विकसित भारत का मूलमंत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत "रिफॉर्म एक्सप्रेस'' पर सवार हो चुका है और इसका सबसे बड़ा इंजन देश की युवा शक्ति और अनुकूल जनसांख्यिकी है। उन्होंने राज्यों से विनिर्माण को प्रोत्साहित करने, ईज आफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करने और सेवा क्षेत्र को नई गति देने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत को एक वैश्विक सेवा महाशक्ति बनाने की दिशा में साझा प्रयास जरूरी हैं। प्रधानमंत्री तीन दिवसीय पांचवें राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का विषय 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' था। मोदी ने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब देश अगली पीढ़ी के सुधारों का साक्षी बन रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि इस जनसांख्यिकी को सशक्त बनाकर



आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल किया जाए।

प्रधानमंत्री ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा कि राज्यों को मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ कारोबार सुगमता में सुधार और सेवा क्षेत्र को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देना होगा।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शासन, सेवा वितरण और विनिर्माण-हर क्षेत्र में गुणवत्ता को प्राथमिकता बनाना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मेड इन इंडिया' को गुणवत्ता का पर्याय बनाने और 'जीरो इफेक्ट, जीरो डिफेक्ट' के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की जरूरत है। कृषि और खाद्य क्षेत्र पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में दुनिया का 'फूड बास्केट' बनने की अपार क्षमता है। उन्होंने राज्यों से आह्वान किया कि वे उच्च मूल्य वाली कृषि, बागवानी, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन को बढ़ावा दें, ताकि भारत एक प्रमुख खाद्य निर्यातक के रूप में उभर सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि सम्मेलन के दौरान कौशल विकास, उच्च शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और खेल जैसे विषयों पर भी व्यापक चर्चा हुई।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )